राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक:प.8 (44)/RSSB/प.आ./लि.ग्रे.II/क.स.सं.सी.भ.प./2018/542 दिनांक: 14-08-2018

विशेषयोग्यजन अभ्यर्थियों के लिए सूचनार्थ विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा आयोजित लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2018 में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने विशेषयोग्यजन श्रेणी के कोटे में आवेदन किया है, को सूचित किया जाता है कि इन अभ्यर्थियों के अंग्रेजी वर्णमाला में प्रथम नामाक्षर के क्रमानुसार यह सीधी भर्ती परीक्षा बोर्ड द्वारा दो सत्रों में सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के साथ ही निम्नानुसार आयोजित की जायेगी–

क्र. सं.	विशेषयोग्यजन अभ्यर्थी के अंग्रेजी में नाम का प्रथम नामाक्षर (Alphabet)	परीक्षा आयोजन का दिनांक	परीक्षा आयोजन का समय	
			प्रथम सत्र/प्रश्न–पत्र	द्वितीय सत्र/प्रश्न–पत्र
1.	H to M (एच से एम तक)	19.08.2018 (रविवार) द्वितीय चरण	प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक	अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे तक
2.	N to R (एन से आर तक)	09.09.2018 (रविवार) तृतीय चरण	प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक	अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे तक
3.	S to Z (एस से जेड तक)	16.09.2018 (रविवार) चतुर्थ चरण	प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक	अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे तक
4.	A to G (ए से जी तक) (जो दिनांक 12.08.2018 को परीक्षा देने से शेष रहे हैं)	16.09.2018 (रविवार) चतुर्थ चरण	प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक	अपरान्ह 02:00 बजे से 05:00 बजे तक

विशेषयोग्यजन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि–

1. विशेषयोग्यजन अभ्यर्थियों सहित अन्य समस्त अभ्यर्थियों के लिए द्वितीय चरण की परीक्षा दिनांक 19.08.2018 को आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिए प्रोविजनल प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक 13.08.2018 को अपरान्ह 02:00 बजे पश्चात् से दे दी गयी है। प्रवेश पत्र यथाशीघ्र डाउनलोड कर लें।

2. तृतीय एवं चतुर्थ चरण की परीक्षा के लिए सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों के साथ ही प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि बाबत पृथक से विज्ञप्ति जारी कर सूचित कर दिया जायेगा।

3. ऐसे विशेषयोग्यजन परीक्षार्थी जिन्हें बोर्ड के उक्त विज्ञापन संख्या 07/2018 दिनांक: 16.04.2018 के बिन्दु संख्या 18 के अनुसार परीक्षा के दौरान श्रुतलेखक देय है, वे सक्षम चिकित्सा अधिकारी के चिकित्सा प्रमाण–पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित केन्द्राधीक्षक को परीक्षा दिवस से तीन दिन पूर्व अवश्य प्रस्तुत कर देवें अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं होगा।

4. ऐसे विशेषयोग्यजन अभ्यर्थी जिनका अंग्रेजी में नाम अंग्रेजी वर्णमाला (English Alphabet) में प्रथम नामाक्षर A to G (ए से जी तक) से प्रारम्भ होता है, की परीक्षा दिनांक 12.08.2018 के बजाय दिनांक 16.09.2018 निर्धारित की गयी है। **यदि इन नामाक्षर वाले कोई परीक्षार्थी दिनांक 12.08.2018 को परीक्षा में सम्मिलित हो गये हों, तो वे दिनांक 16.09.2018 को आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नहीं हों। यदि कोई अभ्यर्थी दोनों तिथियों में परीक्षा में शामिल होता है, तो उसकी दोनों परीक्षाएँ निरस्त की जा सकती हैं।**

भवदीय,

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष